हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–198 : जौनपुर, गुरुवार 11 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## रेल हादसा : मालगाड़ी के 21 बोगी पलटी सुल्तानपुर–जौनपुर रेल प्रखंड हुआ प्रभावित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गुरुवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब बदलापुर थाना क्षेत्र के श्रीकृष्ण नगर रेलवे स्टेशन (बदलापुर) के पास सुबह बड़ा हादसा हो गया। उदपुर घाटमपुर के पास सुल्तानपुर से मुगलसराय की ओर जा रही मालगाड़ी की 21 बोगी पलट गईं। इसके चलते जौनपुर–वाराणसी रेल मार्ग जाम हो गया है। रूट की ट्रेनों को जगह–जगह पर खड़ा किया गया है। मुगलसराय से कोयला लादने के लिए सुल्तानपुर से सुबह 06:58 बजे मालगाड़ी रवाना हुई। मालगाड़ी में 59 बोगी लगी थीं। मालगाड़ी श्रीकृष्ण नगर रेलवे क्रॉसिंग को पार करने के बाद सुबह 8 बजे उदपुर घाटमपुर के पास पहुंची ही थी कि अचानक कुछ बोगी बीच से ट्रैक से उतर गईं। ट्रेन की गति अधिक होने के कारण आगे से 16 और पीछे से 21 बोगी को छोड़कर बची 21 बोगी पलट गईं। हालांकि चालक ए के चौहान और गार्ड संजय यादव पूरी तरह से सुरक्षित हैं। घटना के कारण वाराणसी–सुल्तानपुर रेल मार्ग जाम हो गया है। महामना एक्सप्रेस, सुल्तानपुर जौनपुर वाराणसी पैसेंजर बीच में ही खड़ी है। इसके चलते यात्री परेशान हैं। वही इस मामले में जानकारी देते हुए पीडब्ल्यूआई बृजेश यादव ने बताया कि सुल्तानपुर से मुगलसराय जा रही बाक्सन मालगाड़ी के किसी डिब्बे का पहिया जाम होने के कारण यह घटना हुई है। मालगाड़ी श्रीकृष्ण नगर स्टेशन के आगे आउटर पर जैसे रेललाइन परिवर्तन के लिए बढ़ी तभी अचानक उसका डिब्बा



पलट गया। घटना के कारण वाराणसी लखनऊ वाया जफराबाद रेललाइन पर ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया है। घटना की सूचना उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। स्थानीय रेलवे के अधिकारी घटनास्थल की ओर रवाना हो गए है। वह घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य के लिए मुगलसराय से चलकर रेल हादसा रिलीफ ट्रेन घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। बोगियों को पुनः पटरी पर व्यवस्थित किया जा रहा है। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है।गाड़ी ड्राइवर और गार्ड दोनों सुरक्षित है। बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर आए दिन हो रहे हादसों से रेलवे विभाग क्यों सबक नहीं ले रहा है। जनपद में बीते 3 महीने के अंदर यह तीसरी बार घटना है। इससे पहले भी शाहगंज फैजाबाद रोड पर ट्रेन की बोगियां पलट चुकी है।

## केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास बोले– जिन्ना इस देश के लोगों के लिए खलनायक था, है, और रहेगा

लखनऊ ब्यूरो : केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि जिन्ना इस देश के लोगों के लिए खलनायक था, है और रहेगा। अब कुछ लोगों के सपने में जिन्ना की आत्मा आ रही है तो उनकी कैसी सोच है इसका अंदाजा देश की जनता खुद लगा रही है। मुख्तार अवध शिल्पग्राम हुनर हाट में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 12 नवंबर से लखनऊ में हुनर हाट शुरू होगा जो 21 नवंबर तक चलेगा। जिसका शुभारंभ उत्तर प्रदेश के उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा करेंगे। लखनऊ हुनर हाट में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली, नागालैंड, मणिपुर, बिहार, आंध्र प्रदेश, झारखंड, गोवा, पंजाब, लद्दाख, कर्नाटक, गुजरात, हरियाणा, जम्मू–कश्मीर, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और केरल सहित 30 से ज्यादा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 600 से ज्यादा शिल्पकार और कारीगर शामिल होंगे। विलुप्त होती जा रही सर्कस कला का आयोजन भी इस बार किया जाएगा। पूरे देश से 30 कलाकार ढूंढे गए हैं जो सर्कस कला का प्रदर्शन करेंगे। इतना ही नहीं हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 6 वर्षों में हुनर हाट




के माध्यम से सरकार ने छह लाख से ज्यादा दस्तकारों, शिल्पकारों, कारीगरों और उनसे जुड़े लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया कराए हैं। प्रदेश की जेलों में मुस्लिमों के ज्यादा बंद होने पर उन्होंने कहा कि क्राइम और कम्युनलिज्म अलग–अलग हैं। इसको एक दूसरे का जामा न बनाया जाए। यदि ऐसा होगा तो इसका हाल सच्चर कमेटी जैसा होगा। सरकार का उद्देश्य है कि सम्मान के साथ सभी का सशक्तिकरण व विकास हो। संजय निषाद के बयान पर कही ये बात। मुख्तार अब्बास नकवी ने जय निषाद द्वारा भगवान राम के पिता दशरथ पर दिए गए बयान पर कहा कि अब बड़े–बड़े महान इतिहासकार पैदा हो रहे हैं। इनका खुद का भूगोल बागी हो चुका है। हुनर हाट में ये कलाकार भाग लेंगे। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि देश के जाने माने कलाकार अनु कपूर, पंकज उधास, कुमार शानू, अलका याग्निक, अल्ताफ राजा, सुरेश वाडकर, सुदेश भोंसले, कुमार विश्वास, प्रेम भाटिया, दिलबाग सिंह, शिवानी कश्यप, सुगंधा मिश्रा और भूपेंद्र जैसे कलाकार इस बार हुनर हाट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## अज्ञात बदमाशों ने युवक को मारी गोली

डीके यू गोला ब्लॉक रिपोर्टर कृष्णा गौड़ : गगहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा नेवरा के बासीपार निवासी राम आशीष यादव के 18 वर्षीय पुत्र प्रतीक यादव ग्राम मुसाइला में अपने दोस्त के बर्थडे में गया था। वह रात आठ बजे बाइक से घर आ रहा था कि मिश्रोली व नेवरा के बीच दो अज्ञात लोगों ने उसकी बाईक को ओवर टेक कर रोक लिया उसके बाइक के रुकते



ही उसमें से एक ने प्रतीक के ऊपर फायर कर दिया। गोली उसके कनपटी को छीलते बाहर निकल गई। सूचना पर पहुंचे उसके पिता उसे पीएचसी कौड़ीराम ले गए। जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सीरियस बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## 19 नवंबर को सीएमएस में शुरू होगा विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का 22 वां अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का २२वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 19 से २२ नवम्बर तक ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। सी. एम. एस. के ५५,००० छात्रों की विश्व एकता, विश्व शान्ति व विश्व के ढाई अरब से अधिक बच्चों के सुन्दर व सुरक्षित भविष्य की अपील पर विभिन्न देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद के अध्यक्ष, न्यायमंत्री, संसद सदस्य एवं विश्व प्रसिद्ध शान्ति संगठनों के प्रमुख समेत ४६ देशों के मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व कानूनविद् इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी भागीदारी निभायेंगे एवं प्रभावशाली अन्तर्राष्ट्रीय कानून व्यवस्था के साथ ही एकता, शान्ति व सौहार्द से ओतप्रोत विश्व व्यवस्था की स्थापना पर गहन चर्चा परिचर्चा करेंगे। सिटी मोन्टेसरी स्कूल विश्व के एक ऐसा अकेला व असाधारण विद्यालय है जिसने पूरे विश्व के बच्चों व आने वाली पीढ़ियों के सुन्दर व सुरक्षित भविष्य की चुनौती को स्वीकार किया है और विगत २१ वर्षों से प्रतिवर्ष विश्व के न्यायविदों के ऐतिहासिक सम्मेलन के माध्यम से पूरे विश्व में एकता, शान्ति, न्याय च बच्चों के अधिकारों की अलख जगा रहा है एवं इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का २२वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन के माध्यम से सी.एम.एस. ने न सिर्फ बच्चों के अधिकारों की आवाज उठाई है अपितु किशोर व युवा पीढ़ी में मन–मस्तिष्क में वैश्विक समस्याओं के समाधान के प्रति भी जागरूक किया है, जो कि शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रान्तिकारी उपलब्धि है। इसी संदर्भ में आज सी.एम.एस. गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस वार्ता में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन के संयोजक, प्रख्यात शिक्षाविद् व सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि विश्व



में शान्ति, स्थिरता व एकता के लिए वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली न्यायिक व्यवस्था अपरिहार्य है, तभी विश्व में एकता, शान्ति व सौहार्द की स्थापना संभव हो पायेगी और विश्व के बच्चों व आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा। डा गाँधी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लखनऊवासियों के लिए यह गर्व व प्रसन्नता का विषय है कि इस ऐतिहासिक सम्मेलन में ४६ देशों की प्रख्यात न्यायिक व राजनीतिक हस्तियों अपनी ऑनलाइन गरिमामय उपस्थिति से लखनऊ का गौरव अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर बढ़ाने पर जा रही हैं। सी.एम.एस. के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जिन देशों के मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व कानूनविद् ऑनलाइन प्रतिभाग कर रहे हैं, उनमें अल्जीरिया, अर्जेन्टीना, आस्ट्रेलिया, अजरबैजान, बोस्निया एण्ड हर्जेगोविना, ब्राजील, बुरुण्डी, केप वर्डे, कैमरून, कोमोरोस, कोस्टारिका, क्रोएशिया, इक्वाडोर, इजिप्ट, इश्वातिनी, फिजी आइसलैण्ड, जर्मनी, घाना, गुयाना, हैती, इटली, जापान, किर्गिज रिपब्लिक, लेसोथो, माल्टा, मैक्सिको, मॉरीशियाना, मोरक्को, म्यांमार, नेपाल, नीदरलैण्ड, पेरू, फिलीपीन्स, रोमानिया, रूस, स्लोवेनिया, साउथ अफ्रीका, साउथ कोरिया, श्रीलंका, सूरीनाम, स्विटजरलैण्ड, थाईलैण्ड, त्रिनिदाद एण्ड टोबैगो, तुवालू, यूक्रेन, यूनाइटेड किंगडम, यू.एस.ए., युगाण्डा एवं भारत प्रमुख है।

## सचिवालय में महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ करने वाला अनुसचिव गिरफ्तार : वीडियो हुआ था वायरल

लखनऊ ब्यूरो : सचिवालय मे तैनात अनुसचिव इच्छाराम यादव को हुसैनगंज की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर महिला संविदा कर्मचारी ने छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया गया था। बुधवार देर शाम को अचानक सोशल नेटवर्किंग साइट पर कार्यालय में की गई छेड़छाड़ का वीडियो वायरल हो गया जिसके बाद पुलिस हरकत मे आई और गिरफ्तार कर लिया। सचिवालय में तैनात अनुसचिव इच्छाराम अधीनस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर से छेड़छाड़ कर रहा था। वर्ष 2018 से महिला मजबूरन अनुसचिव की हरकतें झेल रही थी। जिसकी वजह से इच्छाराम बेलगाम हो गया था। अक्तूबर महीने में काम करने के दौरान ही इच्छाराम ने महिला के साथ भरे आफिस में छेड़छाड़ की थी। सीनियर से डर के कारण सहकर्मी भी विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा सके थे। वहीं, 29 अक्तूबर को पीड़िता ने हुसैनगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि एफआईआर करने के बाद भी हुसैनगंज इंस्पेक्टर अजय सिंह आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रहे हैं। वहीं, बुधवार रात महिला से छेड़खानी कर रहे इच्छाराम का वीडियो वॉयरल हुआ था। सोशल मीडिया पर वीडियो आने के बाद पुलिस अधिकारी सन्न रह गए थे। आनन फानन टीम बनाकर अनुसचिव की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जाने लगी। गुरुवार तड़के पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कई बार अकेले में मिलने के लिए बुलाया था। हुसैनगंज निवासी महिला वर्ष 2013 से बापू भवन में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात है। पीड़िता के मुताबिक, वर्ष 2018 से इच्छाराम यादव अनुसचिव के पद पर तैनात हैं। विभाग में आने के बाद से ही अनुसचिव महिला पर गंदी निगाह रखता था। काम करने के दौरान आरोपी कई बार अभद्रता कर चुका था लेकिन लोकलाज के डर से पीड़िता चुप थी। महिला के अनुसार, इच्छाराम उस पर शादी करने का दबाव बना रहा था। मना करने पर संविदा खत्म कराने की धमकी देता था। अक्तूबर महीने में इच्छाराम ने महिला से अकेले में मिलने के लिए कहा था। उसके विरोध करने पर आरोपी ने गाली गलौज की थी। पीड़िता के मुताबिक, ऑफिस में काम करने के दौरान भी इच्छाराम सहकर्मियों के सामने ही उससे गलत हरकत करता था। बदमिजाज अनुसचिव के डर से कोई भी उसका विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था लेकिन एक दिन महिला के साथ हो रही गलत हरकत का वीडियो सहकर्मियों ने तैयार कर लिया था। जो बुधवार रात में वॉयरल हुआ। इंस्पेक्टर पर आरोपी को बचाने का आरोप। पीड़ित महिला के अनुसार, 29 अक्टूबर को उसने हुसैनगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। इंस्पेक्टर अजय सिंह को पूरी घटना की जानकारी थी लेकिन वह अनुसचिव के प्रभाव में थे। इसलिए इंस्पेक्टर ने आरोपी इच्छाराम यादव के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी कार्रवाई नहीं की थी। वहीं, एफआईआर होने की बात पता लगने के बाद से ही इच्छाराम महिला को लगातार धमका रहा था। उसने महिला की संविदा नियुक्ति भी समाप्त कराने की बात कही थी। पीड़िता के साथ हो रही ज्यादती से जुड़ा वीडियो बुधवार रात को वॉयरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। डीसीपी मध्य डॉ. ख्याति गर्ग ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे जिसके बाद अनुसचिव इच्छाराम यादव को गिरफ्तार किया गया।

## जनपद जौनपुर में कई जगह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया छठ पर्व

जौनपुर कार्यालय प्रतिनिधि प्रत्यान्शु तिवारी : जनपद जौनपुर में कई जगह पर छठ पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं मैरा दखान ग्राम में व्रत धारी महिलाओं ने भगवान सूर्य को अर्ध्य देकर पर्व का समापन



किया। इस पर्व में महिला व्रती घाट पर जाने के पहले बांस की टोकरी में ठेकुआ, गन्ना, मौसमी फल, व पूजा सामग्री आदि सजाकर नंगे पैर घाट पर जाती है। सादगी एवं संयम का प्रतीक छठ महापर्व उगते सूर्य तथा डूबते सूर्य की पूजा करने वाला एकमात्र पर्व है। यह कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष में षष्टी तिथि को मनाया जाता है। ज्ञातव्य है कि नहाए खाए के साथ पर्व की शुरुआत की जाती हैं जिसमें उगते सूर्य को महिलाएं अर्थ देकर व्रत का समापन कर पारन करती हैं। मान्यता है कि तीसरे दिन शाम को समय सूर्य देव अपनी अर्धांगिनी देवी प्रत्यूषा के साथ मौजूद रहते हैं। इस दिन उनकी भी उपासना की जाती है। बता दें कि स्वच्छता, सादगी व शालीनता से डूबते सूर्य एवं उगते सूर्य को अर्ध्य देकर जीवन की कई समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

## कैट एवं आदर्श व्यापार मंडल की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णय

आर एल पाण्डेय लखनऊ । कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की संयुक्त प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक गोमती नगर स्थित होटल D corbiz में हुई। बैठक में व्यापारियों ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए कार्यसमिति की बैठक में प्रयागराज ,कानपुर, वाराणसी ,झांसी, लखनऊ सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में हुए निर्णय की जानकारी देते हुए कैट के चेयरमैन एवं उत्तर प्रदेशआदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि व्यापारी समाज अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मुखर होकर अपनी आवाज उठाएगा उन्होंने बताया बैठक में निर्णय हुआ कि संगठन व्यापारियों की समस्याओं के मुद्दे एकत्रित करके 15 दिन में अपना मांग पत्र तैयार करेगा तथा सभी प्रमुख राजनीतिक दलों को संगठन द्वारा मांग पत्र सौंपा जाएगा जो भी राजनीतिक दल व्यापारियों की सभी मांगों को अपने घोषणा पत्र में शामिल करते हुए उस पर सरकार बनने के बाद पूरी तरह अमल करने का वायदा करेगा उसी राजनीतिक दल को व्यापारी आगामी विधानसभा चुनाव में वोट करेगा तथा उसी दल को जिताने के लिए संगठन अपनी ताकत झोकेगा व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा संगठन द्वारा व्यापारियों को जाति धर्म की सोच से ऊपर उठकर वोट करने हेतु जागरूक करने का अभियान और मजबूती से प्रदेश भर में चलाया जाएगा तथा प्रदेश भर में व्यापारी सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे बैठक में कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की प्रदेश इकाई का पुनर्गठन भी किया गया तथा राजधानी लखनऊ में कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स का प्रदेश कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया बैठक में कैट के राष्ट्रीय सचिव पंकज अरोड़ा, कैट के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल, कैट वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विभु अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, नगर अध्यक्ष हरजिनदर सिंह ,ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ,महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती अनिला अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती रीमा अग्रवाल, प्रवीण मिश्रा ,सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी शामिल रहे।

## डेढ़ लाख घरों में लगाए जाएंगे 4जी स्मार्ट मीटर : ग्राहकों को नहीं होगी परेशानी

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर शहरी क्षेत्र में डेढ़ लाख बिजली उपभोक्ताओं के घरों पर 4जी स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इसके लिए एलएंडटी (लार्सन एंड टूब्रो) ने तैयारी तेज कर दी है। उम्मीद है, अहले महीने से काम शुरू कर दिया जाएगा। दरअसल, अभी तक 2जी मीटर लगाए गए थे। इसके बाद 4जी लगाए जाने का



निर्देश दे दिया गया। ईईएसएल (एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड) कंपनी 4जी मीटरों के पर्याप्त संख्या में इंतजाम करने के बाद इसे लगाना शुरू करेगी। जिससे शुरू होने के बाद इसमें किसी प्रकार की परेशानी न आ सके। शहर में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या दो लाख सात हजार से अधिक है। वर्ष 2019 में शहर में स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत हुई थी। 12 अगस्त 2020 तक 56 हजार 662 स्मार्ट मीटर शहर में लगाए जा चुके थे। इसी बीच जन्माष्टमी के दिन प्रदेश में अचानक लाखों स्मार्ट मीटर बंद हो गए। लखनऊ के शक्ति भवन स्थित सेंट्रल सर्वर में आयी दिक्कत को दूर करने में आठ से 15 घंटे तक का समय लग गया। इतनी देर तक सूबे के लाखों घरों में बिजली आपूर्ति ठप रही। इसके बाद ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने 15 दिनों तक स्मार्ट मीटर लगाने का काम रोक दिया था। तब से स्मार्ट मीटर कहीं नहीं लगे। अधीक्षण अभियंता शहरी यूसी वर्मा ने बताया कि शहरी में एक बार फिर से स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू होगा। हालांकि, आधिकारिक तौर पर कब तक शुरू किया जाएगा, जानकारी नहीं है। इस बार 4जी तकनीकी के मीटर लगेंगे। बताया कि जिन्हें अपने घर में स्मार्ट मीटर लगवाना है वह अपने खंड कार्यालय पर आवेदन दे दे।

## रेलवे स्टेशन से 25 लाख के चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार : कानपुर जाने की फिराक में था आरोपी

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने मंगलवार देर रात एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से 2.524 किलो चरस मिला है, जिसकी कीमत 25 लाख रुपये बताई गई है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। छठ को देखते हुए जीआरपी इंस्पेक्टर उपेंद्र श्रीवास्तव व आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजेश सिन्हा के नेतृत्व में मंगलवार रात रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की गई। मुखबिर के जरिये जांच टीम को सूचना मिली कि प्लेटफॉर्म छह पर संदिग्ध युवक घूम रहा है। सूचना पर रात करीब सवा 12 बजे टीम प्लेटफॉर्म के पूर्वी छोर पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर वह भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान युवक के पास से 2.524 किलो चरस मिला। पूछताछ में उसकी पहचान रहमत अली (52) के रूप में हुई। वह उन्नाव के जुगियाना गांव का रहना वाला है। आरोपी ने बताया कि वह अवध असम स्पेशल से बिहार से चरस लेकर कानपुर जाने वाला था। जीआरपी इंस्पेक्टर उपेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी युवक इसके पहले भी तस्करी के आरोप में जेल जा चुका है। ट्रेन व प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के साथ जहरखुरानी का भी उस पर आरोप है। उसकी तलाश काफी दिनों से की जा रही थी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*किसी की बुरी व अच्छी बात सुनकर घृणा भाव आना, यह भी परमत है–*

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# उपचुनाव के बाद : भाजपा कार्यकारिणी का संदेश

आम तौर पर उपचुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी की ही जीत होती है, लेकिन नतीजा अगर इसके विपरीत जाता है, तो वह चौंकाने वाली बात है। भाजपा शासित हिमाचल और कर्नाटक के उपचुनाव के नतीजे चौंकाने वाले हैं। हिमाचल के मुख्यमंत्री ने तो स्पष्ट कहा कि महंगाई की वजह से ऐसा नतीजा आया है।

विभिन्न राज्यों में हुए उपचुनाव के नतीजों की पृष्ठभूमि में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक ऐसे समय में संपन्न हुई, जब उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। देश की आम जनता महंगाई, बेरोजगारी से बुरी तरह से जूझ रही है, किसान लगभग साल भर से धरने पर बैठे हैं। इसलिए इस बैठक का महत्व समझा जा सकता है।

इस बैठक से अपेक्षाएं थीं कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा लोगों की मुश्किलों को कम करने के लिए कुछ उपाय करेगी और कोई नई रणनीति लेकर सामने आएगी। लेकिन वास्तव में ऐसा कुछ खास नहीं हुआ, बल्कि पुरानी बातें ही दोहराई गईं। उपचुनाव के नतीजों ने साफ दिखाया है कि महंगाई एक बड़ा मुद्दा है। आम जनता महंगाई के बारे में खुलकर बात करने लगी है, लेकिन इसकी कोई चर्चा नहीं हो रही है। महंगाई का आम लोगों के जीवन पर काफी असर पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश के उपचुनाव के नतीजे पर इसका काफी असर दिखा। आगे भी इसका असर चुनावों पर पड़ेगा।

आम तौर पर उपचुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी की ही जीत होती है, लेकिन नतीजा अगर इसके विपरीत जाता है, तो वह चौंकाने वाली बात है। भाजपा शासित हिमाचल और कर्नाटक के उपचुनाव के नतीजे चौंकाने वाले हैं। हिमाचल के मुख्यमंत्री ने तो स्पष्ट कहा कि महंगाई की वजह से ऐसा नतीजा आया है। पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर कहते हैं कि ऐसा कुछ नहीं है। यानी केंद्र सरकार सार्वजनिक रूप से इसे मान भी नहीं रही और इस पर अंकुश लगाने की कोशिश भी नहीं दिख रही है। हालांकि डीजल–पेट्रोल के मूल्यों पर से उत्पाद कर में कटौती की घोषणाएं हुई हैं, पर इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला है। खुदरा विक्रेता अपनी कीमतों में कमी तो नहीं करेगा।

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ऐसा कुछ भी नहीं निकला है, जिससे महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों का मुकाबला किया जा सके। इस बैठक में भाजपा नेताओं ने परिवारवाद पर चोट की है। लेकिन सवाल उठता है कि जब आम लोग आर्थिक कठिनाइयों के चलते त्राहि–त्राहि कर रहे हैं, तो क्या यह आगामी चुनाव में मुद्दा बनेगा। वंशवादी राजनीति से तो भाजपा भी बची हुई नहीं है। ठीक है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवार के लोग राजनीति में नहीं हैं, लेकिन अन्य कई भाजपा नेताओं के परिवार के लोग तो राजनीति में हैं। अगर सिद्धांत की बात करें, तो भाजपा इससे अछूती नहीं है। पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। उनके अलावा उसके पास कोई विकल्प भी नहीं है।

हालांकि जनमत को अपने पक्ष में करना भाजपा को बहुत अच्छी तरह से आता है। इस मामले में विपक्ष मात खा जाता है। विपक्ष में एकजुटता नहीं है, यह भाजपा के लिए अच्छा संकेत है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में विपक्षी एकता की कमी के चलते भाजपा को लाभ होगा, लेकिन कमजोर नेतृत्व वाले छोटे राज्यों में उसे मुश्किल होगी। और उत्तर प्रदेश में विपक्ष एकजुट न हो पाए, इसके लिए भाजपा कुछ भी कर सकती है।

उत्तर प्रदेश के संदर्भ में एक और बात महत्वपूर्ण है कि पार्टी शानदार प्रदर्शन करती है तो उसका पूरा श्रेय योगी आदित्यनाथ को मिलेगा, जिनकी नजर भी दिल्ली की कुर्सी पर है। शानदार जीत के बाद योगी दिल्ली के लिए जोर–आजमाइश करेंगे और तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भी उन्हें समर्थन मिलेगा। असल में भाजपा के सामने अभी योगी के अलावा कोई विकल्प भी नहीं है। क्या यह स्थिति केंद्रीय नेतृत्व को मंजूर होगी? यहीं पर पेच है, ऐसे में हैरत नहीं कि केंद्रीय नेतृत्व चाहे कि उत्तर प्रदेश में पार्टी की सरकार दोबारा बने, लेकिन पूरा श्रेय योगी को न मिले। ऐसा इसलिए कि अगर पार्टी उत्तर प्रदेश का चुनाव हार जाती है, तो 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।

उपचुनाव के नतीजों से जो एक और संदेश निकलकर आया है, वह यह कि क्षेत्रीय स्तर पर जो कद्दावर नेता हैं, पार्टी हाई कमान उसकी अनदेखी नहीं कर सकती। कर्नाटक में येदियुरप्पा ने और हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने–अपने पार्टी हाई कमान को दिखा दिया कि उनकी उपेक्षा करके पार्टी आगे नहीं चल सकती। जहां क्षेत्रीय स्तर पर नेतृत्व मजबूत है, वहां वह जनता के असंतोष को अपने–अपने तरीके से संभाल पा रहा है, लेकिन जहां नेतृत्व कमजोर है, वहां जनता के असंतोष से निपटने में भाजपा को मुश्किल हो रही है। इसलिए भाजपा को अपने सहयोगी दलों के प्रति जो नीति है, उसकी भी समीक्षा करनी पड़ेगी।

लेकिन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इस बारे में कुछ कहा नहीं गया है। हालांकि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में छोटी–छोटी पार्टियों से गठजोड़ तो किया है, लेकिन उन्हें कितनी तवज्जो देंगे, उस बारे में कुछ नहीं कहा गया है। लोगों को अपेक्षा थी कि किसान आंदोलन को लेकर इस बैठक में थोड़ी नरमी दिखाई जाएगी, लेकिन किसान आंदोलन के बारे में सरकार के रुख में बदलाव के कोई संकेत नहीं मिले हैं। बल्कि कहा गया है कि पहले से ही मोदी सरकार किसानों के हित में काम कर रही है। लेकिन यह तय है कि किसान आंदोलन का असर पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और कुछ हद तक उत्तराखंड में भी दिखाई देगा। उप–चुनाव में भी इसका असर हुआ है।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में विपक्ष को वंशवादी, अवसरवादी, नफरत फैलाने वाले, नकारात्मकता फैलाने वाले और सोशल मीडिया तक ही सीमित रहने वाले बताया है, लेकिन जनता से जुड़े मुद्दों को किस तरह संबोधित करेंगे, इस बारे में कोई नई बात नहीं कही गई है। विपक्ष का तो काम ही है, सरकार की गलतियों पर उंगली उठाना, अगर विपक्ष वह भी नहीं करेगा, तो लोकतंत्र में उसके होने के मायने क्या हैं? जनता यही तो विपक्ष से अपेक्षा करती है। यह अलग बात है कि उत्तर प्रदेश में विपक्षी पार्टियां लगभग सोई पड़ी हैं।

प्रियंका वाड्रा कुछ कर भी रही हैं, तो उनके पास जमीनी कार्यकर्ता नहीं हैं। अखिलेश के पास कार्यकर्ता हैं भी, तो वह इक्का–दुक्का मामलों में ही थोड़ी–बहुत सक्रियता दिखाते हैं। लेकिन सिर्फ विपक्ष को कोसने से तो जनता की परेशानियां दूर नहीं होंगी। उसके लिए सरकार को ठोस रणनीति के साथ सामने आना पड़ेगा। कुल मिलाकर, भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने की ही कोशिश दिखी, लेकिन जिन समस्याओं से देश की जनता जूझ रही है, उन्हें संबोधित करने के लिए कोई नई बात निकलकर सामने नहीं आई, जिसकी अपेक्षा थी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# यूपी कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले : देश–विदेश में बसे लोग भी कर सकेंगे गांवों के विकास में सहयोग

लखनऊ ब्यूरो : देश और विदेशों में बसे लोग भी अब न केवल अपने गांवों के विकास में योगदान दे सकेंगे बल्कि विकास में अपने योगदान की स्मृति के रूप में शिलापट भी लगवा सकेंगे। राज्य सरकार ने बुधवार को इससे संबंधित उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना के प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी। योजना के तहत देश–विदेश में बसे जो लोग अपने गांव के विकास में योगदान देना चाहते है, लेकिन अब तक कोई योजना न होने के कारण उन्हें इसका अवसर नहीं मिल रहा था। प्रदेश सरकार ने ऐसे लोगों को उचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए मातृ भूमि योजना शुरू की है। इसमें गांव के विकास में इच्छुक व्यक्ति या संस्था को परियोजना की 60 प्रतिशत राशि वहन करनी होगी। शेष 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार की ओर से वहन की जाएगी। विकास में सहयोग करने वाले व्यक्ति या संस्था का शिलापट भी लगाया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए मातृ भूमि सोसायटी का गठन भी किया जाएगा। समिति के तहत एक अधिकृत शासी संस्था और कार्यकारी समिति भी गठित की जाएगी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित होने वाली समिति में पंचायतीराज मंत्री को उपाध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। जबकि संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव को सदस्य, पंचायतीराज विभाग के एसीएस को सदस्य सचिव नियुक्त किया जाएगा। कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में भी एक सशक्ति समिति गठित की जाएगी। इस समिति में संबंधित विभागों के प्रमुख सचिव या अपर मुख्य सचिव को सदस्य नियुक्त किया जाएगा और पंचायतीराज विभाग के निदेशक को सदस्य सचिव नियुक्त किया जाएगा। योजना के तहत दी जाने वाली 40 प्रतिशत राशि की व्यवस्था संबंधित विभाग के बजट से की जाएगी। मातृभूमि सोसायटी का पंजीकरण कराकर सौ करोड़ रुपये फंड उपलब्ध कराया जाएगा। इसका उपयोग किसी योजना में राज्यांश का बजट उपलब्ध नहीं होने पर किया जाएगा। योजना के तहत दानदाता की पसंद की एजेंसी से कार्य कराया जा सकेगा। एजेंसी की ओर से तैयार नक्शे और डीपीआर को संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी की ओर से स्वीकृत किया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद एजेंसी को भुगतान किया जाएगा। दानदाता स्वयं के स्तर पर भी काम करा सकते है, लेकिन उन्हें डीपीआर स्वीकृत करानी होगी और सरकार की ओर से दिए जाने वाले 40 प्रतिशत अंशदान का भुगतान सीधा वेंडर्स को किया जाएगा। कोई भी सरकारी या प्राइवेट कंपनी 40 प्रतिशत राशि इन कार्यों के लिए दे सकती है। जिसे सरकारी अनुदान के रूप में माना जाएगा। गन्ना मूल्य भुगतान के लिए बैंक ऋण की शासकीय गारंटी को हरी झंडी। सत्र 2021–2022 में गन्ना किसानों को दिए जाने वाले भुगतान के लिए बैंकों से मिलने वाले ऋण की शासकीय गारंटी को सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन हरी झंडी दे दी है। इस निर्णय के बाद अब बैंक प्रदेश की सहकारी चीनी मिलों को ढाई हजार करोड़ रुपये का ऋण देंगे। गन्ने का पेराई सत्र शुरू होने के बाद ही चीनी मिलों की ओर से किसानों को भुगतान शुरू किया जाता है। चूंकि मिलों के पास चीनी बिकने के बाद ही पैसा आता है तो इसके लिए एडवांस में धन की व्यवस्था करनी पड़ती है। इसके लिए मिलों को उप्र सहकारी बैंक लि. एवं जिला सहकारी बैंकों से ऋण लेना पड़ता है। इस ऋण पर सरकार शासकीय गारंटी देती है। गन्ना आयुक्त संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि अब मिलों को ढाई हजार करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त हो जाएगा ताकि समय से किसानों के गन्ने का भुगतान शुरू हो सके। गन्ना मूल्य वृद्धि को भी मंजूरी। पेराई सत्र 2021–2022 के लिए तय किए गए गन्ने के राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) को भी कैबिनेट में मंजूर कर लिया गया है। प्रदेश सरकार ने इस सत्र के लिए गन्ने का दाम सामान्य प्रजाति के लिए 340 रुपये तथा अगेती प्रजाति के लिए 350 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है। श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा का बढ़ेगा दायरा। सरकार ने बुधवार को उप्र सामाजिक सुरक्षा संहिता नियमावली 2021 को कैबिनेट बाईसर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दे दी। इस नियमावली से अब श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ेगा। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदारियां भी तय होंगी। अपर मुख्य सचिव श्रम सुरेश चंद्रा ने बताया कि भारत सरकार के सभी श्रम कानूनों को एकीकृत करचार अलग–अलग श्रम संहिताएं तैयार की गईं थीं। इनमें से एक संहिता सामाजिक सुरक्षा संहिता–2020 में कुल नौ कानून हैं। उत्तर प्रदेश के संबंध में इस संहिता पर नियम बनाते हुए उप्र सामाजिक सुरक्षा संहिता नियमावली 2021 तैयार की गई है। इसके मुताबिक अब असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों के लिए नए सिरे से बोर्ड गठित किए जाएंगे। कर्मचारी राज्य बीमा संबंधी विवादों के निस्तारण के लिए कर्मचारी बीमा न्यायालयों का गठन होगा। पांच साल की बजाय अब तीन साल तक लगातार काम करने वाले कामगार को गेच्युटी का लाभ मिल सकेगा। महिलाओं के लिए मैटरनिटी लीव के मामलों में ज्यादा विवाद सामने आते थे। ऐसे मामलों में महिलाएं क्षेत्रीय श्रम अधिकारी केयहां अपील कर सकती हैं। वहां के फैसले से असंतुष्ट होने पर इसकी अपील क्षेत्रीय श्रमायुक्त से की जा सकेगी। श्रमिकों की मृत्यु पर परिजनों के मुआवजा संबंधी प्रकरणों का निस्तारण अब छह माह में करना होगा। यदि ऐसा नहीं हो पाया तो प्रतिदिन तारीख लगाकर निस्तारण करने की बाध्यता होगी। इसके अलावा प्रत्येक प्रतिष्ठान, संस्थान को अपने यहां रिक्तियों की सूचना संबंधित जिले के सेवायोजन कार्यालय में देनी होगी। इसके अलावा कैरिअर सेंटर बनाए जाएंगे ताकि लोगों की काउंसिलिंग कर उनके कैरियर की राह प्रशस्त की जा सके। गृह विभाग के पांच प्रस्तावों को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी। गृह विभाग के पांच प्रस्तावों को बुधवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला तकनीकी अधिकारी सेवा नियमावली में प्रथम संशोधन को मंजूरी दी गई है। इससे विधि विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक के पद पर प्रमोशन का रास्ता आसान हो जाएगा। इसमें नियमों को शिथिल किया गया है। इसी तरह पहले जहां 12 अनुभागों के माध्यम से वैज्ञानिक अधिकारी की भर्ती अलग–अलग होती थी उन अनुभागों को कम करके छह अनुभाग कर दिए गए हैं। यानी अब छह अनुभागों में ही वैज्ञानिक अधिकारियों की भर्ती की जाएगी। इसके अलावा मेरठ में पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय की क्षमता को दोगुना किए जाने के लिए आवासीय भवनों के निर्माण कार्य और अमेठी जिले में पुलिस लाइन में आवासीय और अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य को भी मंजूरी दी गई है। वीआईपी एवं वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए कंडम घोषित हो चुकी 34 बुलेट प्रूफ एंबेसडर कार के स्थान पर 34 नई फार्च्यूनर कार की खरीद और उसे बुलेट प्रूफ कराए जाने की भी मंजूरी दी गई है। वहीं यूपी एटीएस, एसटीएफ और स्पॉट में नई गाड़ियों की खरीदने की मंजूरी कैबिनेट बाई सर्कुलेशन दी गई है। 63 हिंदू बंगाली परिवार का होगा पुनर्वास, 1970 में पूर्वी पाकिस्तान से मेरठ आए थे बंगाली हिंदू परिवार। 1970 में पूर्वी पाकिस्तान से मेरठ आकर बसे 63 बंगाली हिंदू परिवारों का कानपुर देहात की रसूलाबाद तहसील के भैंसाया गांव में पुनर्वासित किया जाएगा। परिवारों को कृषि के लिए दो एकड़ जमीन दी जाएगी और मकान बनाने के लिए 200 वर्गमीटर जमीन एक रुपये टोकन राशि पर आवंटित की जाएगी। राज्य सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन हिंदू बंगाली परिवारों के पुनर्वास के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 1970 में पूर्वी पाकिस्तान से 63 हिंदू बंगाली परिवार मेरठ आकर बसे थे। उन्होंने मेरठ की मदन कॉटन मिल में काम किया, लेकिन पांच साल बाद मिल बंद होने के बाद से वे बेरोजगार हो गए। उसके बाद उन्हें किसी प्रकार का पुनर्वास पैकेज या राहत नहीं मिलने से परिवार सालों से पुनर्वास के लिए संघर्ष कर रहे थे। सरकार ने बंगाली हिंदू परिवारों के लिए पुनर्वास पैकेज को मंजूरी दी है। पैकेज के तहत परिवार को 2 एकड़ कृषि भूमि और 200 वर्ग मीटर भूमि आवास के लिए आवंटित की जाएगी। प्रत्येक परिवार को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 1.20 लाख रुपये आवास बनाने के लिए भी दिए जाएंगे। पुनर्वास विभाग का दस साल पहले राजस्व विभाग में विलय होने के कारण बंगाली हिंदू परिवारों के पुनर्वास पैकेज को कैबिनेट से मंजूर कराया गया है। भदोही में पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस बनने का रास्ता साफ। भदोही में लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस के लिए राजस्व विभाग की 57200 वर्ग फीट जमीन हस्तांतरित किए जाने संबंधी प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के माध्यम से हरी झंडी दे दी गई है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र भदोही में गेस्ट हाउस के निर्माण के लिए तहसील ज्ञानपुर परिसर स्थित निष्प्रयोज्य भवनों और उससे सटी खाली जमीन की भूमि राजस्व विभाग से लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित किए जाने के लिए प्रस्ताव लाया गया था। इससे गेस्ट हाउस के निर्माण से भदोही में रुकने की बेहतर व्यवस्था होगी। इससे कार्पेट के कारोबार को भी चार चांद लगेंगे। मुफ्त अनाज के साथ दाल, तेल व नमक भी। प्रदेश की 15 करोड़ जनता को होली तक गेहूं व चावल के साथ ही मुफ्त दाल, खाद्य तेल व नमक मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन इससे संबंधित प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी। कोरोना महामारी केचलते शुरू की गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना नवंबर में समाप्त हो रही है। इसमें सभी राशन कार्डधारकों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा था। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी ने इस सुविधा को आगे बढ़ाने का फैसला लिया और खुद तीन नवंबर को अयोध्या में इसकी घोषणा की। इसके तहत दिसंबर से मार्च तक अंत्योदय कार्ड धारक को 35 किलो गेहूं व चावल तो मुफ्त मिलेगा ही। साथ में दाल, खाद्य तेल व नमक भी मुफ्त दिया जाएगा। पात्र गृहस्थी कार्डधारक को भी प्रतिव्यक्ति पांच किलो ग्राम गेहूं, चावल के साथ एक किग्रा अरहर की दाल, चना, एक लीटर खाद्य तेल, एक किग्रा नमक मुफ्त मिलेगा। मृतक आश्रित के रूप में नियुक्ति के लिए विवाहित पुत्री भी पात्र। सरकारी विभागों में मृतक आश्रित के रूप में अब विवाहित पुत्रियों की नियुक्ति भी हो सकेगी। प्रदेश सरकार ने इसके लिए उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (बारहवां संशोधन) नियमावली 2021 को जारी करने की मंजूरी दे दी है। बुधवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अभी तक मृतक आश्रित के रूप में अनुकंपा नियुक्ति के लिए पुत्र व अविवाहित पुत्री ही पात्र माने जाते थे। काफी समय से विवाहित पुत्रियों को भी इसके दायरे में लाने की मांग की जा रही थी। अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक देवेश चतुर्वेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली में संशोधन करके विवाहित पुत्री को भी मृतक आश्रित के रूप में अनुकंपा नियुक्ति के लिए पात्र कर दिया गया है। वकीलों को अधिवक्ता कल्याण निधि से मिलेगी पांच लाख रुपये की मदद। प्रदेश में 30 वर्ष की प्रैक्टिस कर चुके वकीलों को अधिवक्ता कल्याण निधि से पांच लाख रुपये तक की आर्थिक मदद दी जाएगी। इस बाबत राज्य सरकार ने बुधवार को उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम (संशोधन) अध्यादेश 2021 को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के अनुसार सरकार ने 2017 विधानसभा चुनाव के संकल्प पत्र में किए गए वादे के अनुसार अधिवक्ता कल्याण निधि को 1.50 लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया है। अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति में पंजीकृत अधिवक्ताओं में से 30 वर्ष की प्रैक्टिस पूरी कर चुके लगभग 5,848 अधिवक्ताओं को पांच लाख की एकमुश्त सहायता राशि दी जाएगी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य विधान मंडल का सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने के कारण मंत्रिपरिषद ने प्रस्तावित संशोधनों को अध्यादेश के माध्यम से लागू कराने का निर्णय किया है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व हुआ संपन्न

गोरखपुर (मण्डल प्रभारी) आशुतोष चौधरी : जनपद गोरखपुर के हर क्षेत्रों में छठ पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पर्व का समापन व्रत धारी महिलाएं ने भगवान सूर्य को अर्ध्य देकर किया। इस पर्व में महिला व्रती घाट पर जाने के पहले बांस की टोकरी में ठेकुआ, गन्ना, मौसमी फल, व पूजा सामग्री आदि सजाकर नंगे पैर घाट पर जाती है। इस पावन पर्व को स्वच्छता सादगी व शालीनता से मनाने की परंपरा है। सादगी एवं संयम का प्रतीक छठ महापर्व उगते सूर्य, डूबते सूर्य की पूजा करने वाला एकमात्र पर्व है। यह कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष में षष्टी तिथि को मनाया जाता है। ज्ञातव्य है कि नहाए खाए के साथ पर्व की शुरुआत की जाती हैं जिसमें उगते सूर्य को महिलाएं अर्थ देकर व्रत का समापन कर पारन करती हैं। मान्यता है कि तीसरे दिन शाम को



समय सूर्य देव अपनी अर्धांगिनी देवी प्रत्यूषा के साथ मौजूद रहते हैं। इस दिन उनकी भी उपासना की जाती है। डूबते सूर्य एवं उगते सूर्य को अर्ध्य देकर जीवन की कई समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

# प्रधानमन्त्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में उद्यमी अपने संचालित प्रोजेक्ट के उन्नयन हेतु पीएमएफएमई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर उठायें लाभ

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के क्रम में जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि प्रधानमन्त्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) में उद्यमी अपने संचालित प्रोजेक्ट के उन्नयन एवं ओ0डी0ओ0पी0 मिन्ट उत्पाद के तहत नवीन प्रोजेक्ट की स्थापना एवं नॉन ओ०डी०ओ०पी० उद्योग का उच्चीकरण पर 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये तक अनुदान योजना के पीएम एफएमई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर लाभ उठायें, जिसके लिए उद्यमी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास हो, आयु 18 वर्ष से अधिक हो। जिला उद्यान अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि उद्यमी सम्बन्धित उद्योग–मिन्ट उत्पाद (ओ०डी०ओ०पी०), आटा चक्की, राइस मिल, दाल व दाल मिल, ऑयल मिल, मक्का उत्पाद, दुग्ध उत्पाद, फल उत्पाद, गन्ना आधारित उत्पाद, मशरूम व सम्बन्धित उत्पाद, मिठाई, नमकीन, चिप्स, केचप, सॉस, माइक्रोनी, पास्ता, जूस, सेक, अचार, मुरब्बा, बेकरी, पशु एवं मुर्गी चारा, सिरका केला आधारित उत्पाद, मसाला उत्पाद, मेवा सम्बन्धित उत्पाद, हनी प्रसंस्करण इत्यादि उद्योग सम्मिलित हैं। अधिक जानकारी हेतु जनपदीय रिसोर्स पर्सन के मोबाइल नम्बर– 9136888939, 8052198703 एवं कार्यालय योजना प्रभारी मोबाइल नम्बर – 7318221368 पर सम्पर्क करें। योजना के विस्तृत जानकारी https%//pmfme-mofpi.gov.in.in पद पर देख सकते हैं।

# पति ने हत्या में काटी जेल, शादी के कुछ दिनों बाद ही तीन लाख के जेवर लेकर हुई थी फरार

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ जिले में मायके वालों की तहरीर पर पति को पत्नी की हत्या, दहेज उत्पीड़न और अपहरण करने के मामले में 13 माह जेल में रहना पड़ा। हाईकोर्ट से जमानत मिलने पर पति बाहर आया। वहीं पत्नी अब जिंदा मिली है। पुलिस ने पत्नी को इटावा में उसके प्रेमी के साथ पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के मसोना गांव निवासी दीपू गोंड़ पुत्र राजेंद्र गोंड की शादी 11 जून 2019 को मऊ जिले के घोसी थाना क्षेत्र के छोटी डाड़ी गांव निवासी मगरु गोंड की पुत्री रुचि गोंड़ के साथ हुई थी। पति का कहना है कि कुछ दिन ठीक–ठाक बीते इसके बाद वह फोन से किसी से बात करने लगी। पति ने इसके बारे में पूछा तो वह बहानेबाजी करने लगी। इस बात को लेकर पति के साथ तकरार भी हुई। इसके बाद वह मामा के घर चली गई। जीयनपुर कोतवाली में दोनों परिवार के बीच पंचायत हुई सुलह समझौता के बाद वह वापस अपने पति के साथ ससुराल चली आई। आरोप है कि एक सप्ताह भी नहीं बीता था कि पत्नी 20 सितंबर 2019 को ससुराल से लगभग तीन लाख रुपये के गहने समेटकर भाग गई। पति दीपू गोंड़ ने जीयनपुर कोतवाली में इसका लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि मेरी पत्नी कहीं गहने लेकर भाग गई है। वहीं लड़की की मां माया देवी ने जीयनपुर कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि मेरी पुत्री रुचि को उसके पति दीपू गोंड़, ससुर राजेंद्र गोंड़ और जेठानी विनीता दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे और दहेज न मिलने पर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज पति को पकड़



कर पूछताछ की, इसके बाद पति को न्यायालय भेज दिया गया। न्यायालय से दीपू गोंड को जेल भेज दिया गया। 13 माह तक जेल में रहा। 13 महीने बाद दीपू की हाईकोर्ट से जमानत हुई। दीपू गोंड़ ने बताया कि मेरी जमानत और मुकदमा लड़ने के लिए मेरे पिता ने अपनी जमीन बेच दी। मैं सब्जी बेचता था और ठेले पर गन्ने का जूस बेचकर रोजी रोटी चलाता था। उसको भी बेचना पड़ा, खाने की लाले पड़ गए। मैं बार–बार कहता रहा कि मैंने उसकी हत्या नहीं की है। मेरी पत्नी रुचि कहीं भाग गई, उसे ढूंढने की जरूरत है। मेरी बातों पर जीयनपुर कोतवाली के एसएसआई चंद्रशेखर यादव ने विश्वास किया। वह इसका पता लगाने में जुट गए। उनके प्रयास से मेरी पत्नी रुचि इटावा जिले के इटैली में प्रेमी के साथ मिली। एसएसआई चंद्रशेखर यादव वहां पहुंचे और दोनों को हिरासत में ले लिया। दीपू गोंड ने सास माया देवी, लड़की के मामा निरंजन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# रामलीला में श्रद्धा,भक्ति,कला,संस्कृति एवं अभिनय का अद्भुत संगम देखने को मिलता है:रजनी तिवारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नस्योली डामर के मजरा ग्राम बिचपुरिया में चल रही श्री रामलीला में विधायक रजनी तिवारी ने कहा कि रामलीला के आयोजन का उद्देश्य आरंभ से ही बिल्कुल स्पष्ट रहा है।कथा मंचन के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को जन–जन तक पहुंचाना। इस उद्देश्य में रामलीला काफी हद तक सफल भी रही हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाई जाती रही रामलीला ने भारतीय संस्कृति एवं कला को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाई है। कहा कि श्रीराम के आदर्श, अनुकरणीय एवं आज्ञापालक चरित्र तथा सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, जटायु, विभीषण, शबरी इत्यादि रामलीला के विभिन्न पात्रों द्वारा जिस प्रकार अपार निष्ठा, भक्ति, प्रेम, त्याग एवं समर्पण के भावों को रामलीला के दौरान प्रकट किया जाता है, वह अपने आप में अनुपम है। नई पीढ़ी को धर्म एवं आदर्शों की प्रेरणा देने के साथ–साथ उसमें जागरुकता का संचार करने के लिए भी पर्याप्त है। यह आयोजन कला को भी एक नया आयाम प्रदान करते हैं। रामलीला की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि इनके मंचन में हिन्दुओं के साथ–साथ अन्य धर्मों के लोगों का भी विशेष सहयोग मिलता रहा है और रामलीला देखने के लिए भी सभी धर्मों के लोग आते हैं। रामलीला में हमें भक्ति, श्रद्धा, आस्था, निष्ठा, कला, संस्कृति एवं अभिनय



का अद्भुत सम्मिश्रण देखने को मिलता है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख के प्र नवनीत गुप्ता ने कहा कि धार्मिक आदर्शों पर चलकर ही समाज में अच्छे नागरिकों का निर्माण किया जा सकता है।मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन सभी के लिए अनुकरणीय है। श्री रामलीला के आयोजन में सर्वेन्द्र अग्निहोत्री, नरेन्द्र कुशवाहा , रमाकांत मौर्या,पप्पू कुशवाहा, रामकुमार सिंह, बैजूपुर प्रधान श्रीमती रोली कुशवाहा, प्रधान नस्योली गोपाल, प्रधान नस्योली डामर, रामवीर कुशवाहा, कुलदीप मिश्रा, विजय सिंह, आजाद सिंह, जयवीर कुशवाहा, विनोद सिंह के साथ क्षेत्रीय गणमान्यजन व माताओं बहनों ने श्रीराम की लीलाओं का मंचन देखा।

## चुनावी पाठशाला में सीखा मजबूत लोकतंत्र बनाने का तरीका

जौनपुर सू.वि. : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशानुसार मतदाता बनाने व निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चल रहा है। इसी के अन्तर्गत विकास खण्ड सिकरारा में खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार यादव के नेतृत्व में ब्लाक के सभी 123 परिषदीय विद्यालयों पर चुनावी पाठशाला आयोजित हुई। जिसके माध्यम से लोगों को वोटर बनने हेतु जागरूक व प्रेरित करते हुए निर्वाचन से सम्बंधित जानकारियां दी गई। इस अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय डीहजहनिया में चुनावी पाठशाला में खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार यादव ने उपस्थित अभिभावकों से कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का सदुपयोग करेगा। और मतदान तभी कर पायेंगे जब आप वोटर होगें। इसलिए प्रत्येक युवा को चाहिए जिनकी आयु 18 वर्ष से ऊपर है, वो अपना व परिवार के लोगों को वोटर बनवाए। 30 नवम्बर तक वोटर बनने का अभियान चलेगा ,इस बीच अपने बी एल ओ से सम्पर्क करें या एन वी एस पी पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कर वोटर



बनने हेतु आन लाइन आवेदन कर सकते हैं तथा ऐप से निर्वाचन से सम्बंधित अन्य जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। इसी कड़ी में उन्होंने बच्चों को भी प्रेरित किया कि वे अपने परिवार के लोगों को मतदाता बनने के लिए निरन्तर कहते रहे और सभी अध्यापकों को भी निर्देशित किया कि बच्चों व अभिभावकों को चुनाव संबंधी जानकारी अच्छे ढंग से अवगत कराएं ताकि समय रहते वे एक श्रेष्ठ नागरिक बन सके। इस अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय उदरेजपुर, प्रा. वि. हरकपुर, बनसफा, लेदुआ, अलीशाहपुर, हसनपुरा, बिसावा, बथुआवर, सैदनपुर, फतेहगंज, दुदौली, सुल्तानपुर डाली, सहित विकास खण्ड सिकरारा के सभी विद्यालयों पर चुनावी पाठशाला आयोजित हुई।

## योगी सरकार में पुलिस हुई बे–लगाम : पुलिसवाले ही उड़ा रहे है नियम–कानून की धज्जियाँ–कांगेस

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : कासगंज में पुलिस हिरासत में युवक की मौत और शाहजहाँपुर में सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलने जा रहीं आशा बहुओं की पुलिस पिटाई की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की है। पार्टी ने कासगंज की घटना की हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जाँच कराने की माँग करते हुए आरोप लगाया कि योगी आदित्यनाथ के राज में पुलिस अपराधियों जैसा व्यवहार कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर यूपी में कधनून व्यवस्था की पोल खोल दी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विशाल राजपूत लोधी ने कासगंज कोतवाली की पुलिस हिरासत में युवक की मौत को हत्या बताते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खाद्लिाफ कड़ी कार्रवाई के साथ–साथ मामले की जाँच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से कराने की माँग की है। उन्होंने कहा कि पुलिस की यह थ्योरी हास्यास्पद है कि युवक ने हवालात के नल से लटककर फाँसी लगा ली। उन्होंने पूछा कि क्या युवक की लंबाई एक–दो फिट से भी कम थी जो वह नल से लटककर खुदकुशी कर सकता था। वैसे भी कस्टडी में लिये गये किसी भी व्यक्ति की जान की सुरक्षा के लिए सीधे पुलिस जिम्मेदार होती है। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सीएम योगी आदित्यनाथ की शह पर पुलिस लगातार नियम कानून का उल्लंघन कर रही है। हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीमकोर्ट तक इस संदर्भ में योगी सरकार को फटकार लगा चुके हैं। कई पुलिस अफसर हत्या के आरोप में फरार हैं या जेल में हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट बताती है कि योगी राज में अपराध और हत्या के मामले में यूपी नंबर वन बन चुका है। श्री राजपूत ने कहा कि कासगंज मामले में पुलिसकर्मियों का निलंबन मौत पर लीपापोती के सिवा कुछ नहीं है। कासगंज घटना की पारदर्शी जांच के लिये हाइकोर्ट के सिटिंग जज की नियुक्ति होनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता श्री राजपूत ने शाहजहाँपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने के लिये जा रही आशा बहुओं पर पुलिस कार्रवाई की भी कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा लाठी डंडों के बल पर आशा बहुओं को रोकने, पुलिस कर्मियों द्वारा उनकी जूतों व चप्पलों से पिटाई करने, उनके सीने पर पैर रखने के दृश्य भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार की क्रूरता का साफ सबूत हैं। उन्होंने आशा बहुओं पर हमला करने वाले पुलिस कर्मियों के साथ–साथ प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई और आशा बहुओं सभी बकाया मानदेय देने तथा अन्य समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की है। विशाल लोधी राजपूत ने कहा कि कोरोनाकाल में आशा बहुओं ने अपनी जान पर खेलकर जनता की सेवा की थी। योगी शासन ने उनके साथ जो क्रूरता और अपमानजनक घिनौनी हरकत की है वह पूरी नारी शक्ति के अभिमान को ललकारने वाला है। आने वाले चुनाव में प्रियंका गाँधी के नेतृत्व में यूपी की महिलाएँ इस अपमान का बदला बीजेपी सरकार को सत्ता से बेदखल करके लेंगी। राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी के नेतृत्व में पूरी कांग्रेस पार्टी आशा बहुओं के साथ खड़ी है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर आशा बहुओं को दस हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय देने की प्रियंका जी की प्रतिज्ञा के प्रति पार्टी प्रतिबद्ध है।

## किसान कल्याण मिशन के तहद किसान पाठशाला का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डोभी विकास खण्ड अंतर्गत खुज्जी प्राथमिक विद्यालय पर दो दिवसीय किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। क्षेत्र के विभिन्न गॉवो के किसानों ने पाठशाला में भाग लिए उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक मनीष शर्मा ने बताया कि उन्नत तकनीक अपनाकर कम लागत में खेती कर अधिक लाभ अर्जित करने के उपाय बताये व बिना किसी अतिरिक्त लागत के अधिक लाभ अर्जित किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि संतुलित उर्बरको का प्रयोग एवं सही अवस्था पर सिचाई करने से बिना किसी अतिरिक्त लागत के अधिक लाभ अर्जित किया जा सकता है! किसानों को पीएम किसान का पैसा नहीं आ रहा हो तो उसके निस्तारण के लिये हर सम्भव प्रयास किया जायेगा इस अवसर



पर ग्राम प्रधान मीना देवी, पति शैलेंद्र विश्वकर्मा,दिनेश प्रजापति (मँखचु ) मुन्ना दादा आदि लोग उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बोले : टोक्यो पैरालंपिक के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला सराहनीय

मेरठ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश की खेल नगरी मेरठ की जमीं पर पैरालंपिक के सितारों ने कदम रखा तो उनके चेहरे खिल उठे। शहर में जगह जगह होर्डिंग पर अपनी तस्वीरें देख बोल पड़े कि मेरठ ने दिल जीत लिया। बुधवार को शाम ढली तो होटल हारमनी इन में खेल कारोबारियों, जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने भव्य स्वागत किया। मेरठ में बनी खेल किट उपहार में दीं गईं। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच इन खास मेहमानों के साथ सेल्फी का दौर चलता रहा। आज इन सितारों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मान करेंगे। इस खास समारोह के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी मेरठ पहुंचे हैं। वहीं सम्मान समारोह से पहले सभी खिलाड़ी बसों में सवार होकर कृषि विश्वविद्यालय पहुंच गए जहां यह समारोह आयोजित किया जा रहा है। मेरठ आज एक ऐतिहासिक समारोह का साक्षी बनेगा। देश का पहला ऐसा समारोह है जिसमें देश के 17 पैरालंपिक विजेताओं के साथ पूरे प्रदेश के दो हजार से अधिक दिव्यांग खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। वहीं समारोह में शामिल होने पहुंचे केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का टोक्यो पैरालंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला सराहनीय है। राज्य में खेलों को बढ़ावा देने पर मेरी राज्य के खेल मंत्री और सीएम से चर्चा हुई। मुझे विश्वास है कि यूपी भविष्य में देश को और खिलाड़ी देगा। मेरठ पहुंचे इन खास मेहमानों के स्वागत की खास तैयारियां की गईं। जहां से ये खिलाड़ी निकलेंगे वहां के सभी चौराहों को सजाया गया है। रंगोली बनाई गई हैं। जगह.जगह एनसीसी कैडेट और स्कूली बच्चे फूल बरसाकर स्वागत कर रहे हैं। स्कूली बच्चों ने नारे लगाए कि हमको तुम पर नाज। बुधवार दोपहर 2 बजे सबसे पहले गुजरात के अहमदाबाद की टेबिल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल गढ़ रोड स्थित होटल हारमनी इन में पहुंचीं। वह गुजरात की पहली पैरालंपिक पदक विजेता हैं। एयरपोर्ट से होटल तक भाविना का स्वागत हुआ। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन नहीं हो रहा हैए शहर में एंट्री के साथ बड़े बड़े होर्डिंग पर अपनी फोटो देखकर मैं तो हैरान रह गई। होटल हारमनी इन में देर रात तक हुए भव्य स्वागत में सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, वेस्टर्न यूपी चेंबर ऑफ कामर्स अध्यक्ष डॉ रामकुमार गुप्ता, होटल हारमनी इन के निदेशक नवीन अरोड़ा, स्टैग इंटरनेशनल के निर्देशक विवेक कोहली एवं राकेश कोहली, आईआईए अध्यक्ष सुमनेश अग्रवाल, पीआर निदेशक क्षितिज अग्रवाल, एसजी निदेशक पुनीत आनन्द, एचआरएस निदेशक वरुण एवं तरुण मक्कड़, नेल्को के निदेशक अंबर आनंद समेत तमाम हस्तियां मौजूद रहीं।

## डॉक्टर अमित सिंह पटेल बने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव

आर एल पाण्डेय लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा के द्वारा लखनऊ मॉडल ग्रुप ऑफ इन्स्टिटूशनस के सह–संस्थापक डॉक्टर अमित सिंह पटेल को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड



समाजवादी पार्टी का प्रदेश सचिव बनाया गया ।इस सम्बंध में डॉक्टर अमित सिंह पटेल ने कहा कि मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को दिल से आभार व्यक्त करता हूँ कि मुझ पर अपना विश्वास जताते हुए जो इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है उस पर पूरा खरा उतरने का काम करूँगा साथ ही साथ 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन–मानस तक पहुँचाने का काम करूँगा। अखिलेश यादव को 2022 में मुख्यमंत्री बनाने का काम करूँगा।

## तिउर चौगवां में विधिक जागरूकता शिविर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष व सचिव पूर्णकालिक अलका पांडे के कुशल निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक करने के लिए दिए निर्देश के अनुपालन मे आज ग्राम तिऊर तहसील



शाहाबाद जनपद हरदोई में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित रही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव (पूर्णकालिक) अलका पाण्डे ने महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से चलाई जा रही निशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में बताया। तहसील विधिक सेवा समिति सचिव/ तहसीलदार माननीय नरेंद्र कुमार यादव जी ने लोगो को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव को नवागत तहसीलदार शाहाबाद ने बुके देकर व पूर्व ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह ने शील्ड देकर सम्मानित किया। इस जागरूकता शिविर में लीगल एड क्लीनिक मोहम्मद शाजेब सिद्दीकी व सर्वेश कुमार एवं पी एल वी योगेंद्र गुप्ता, श्याम जी गुप्ता, कौशल कुमार श्रीवास्तव, सुतीक्षण राठौर, ग्राम प्रधान प्रतिभा सिंह, पूर्व प्रधान देवेंद्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मुनेन्द्र सिंह, तौसीफ खान, दिनेश दीक्षित, ओम प्रकाश, यजूवीर, चमन सिंह, राम सागर, राजीव, ग्रामवासी आदि लोग उपस्थित रहे।

## वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कराकर मतदाता बनाने हेतु जागरूकता

जौनपुर सू.वि. : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता पंजीकरण व जागरूकता के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कराने हेतु जागरूक किया जा रहा है। मेहरावां न्याय पंचायत के अन्तर्गत सभी विधालय के प्रधानाध्यापक को चुनावी पाठशाला के माध्यम से जागरूक करते हुए जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने शिक्षकों को वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कराते हुए 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र लोगों को मतदाता बनाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने के लिए जागरुक किया। आगे उन्होंने कहा कि आप लोग शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के सम्पर्क में जमीनी हकीकध्त के साथ जुड़े रहते हैं, इसलिए लोगों को मतदाता बनने व निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने के लिए प्रेरित व जागरूक करें।

## पुलिस को जनता की रक्षक बनाने में विफल रही सरकार : मायावती



लखनऊ ब्यूरो : बसपा सुप्रीमो मायावती ने बृहस्पतिवार को ट्विटर के जरिए प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कासगंज में पुलिस कस्टडी में एक और युवक की मौत अति दुखद व शर्मनाक है। सरकार घटना की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों को सख्त सजा दे साथ ही पीड़ित परिवार की मदद भी करे। यूपी सरकार आए दिन कस्टडी में मौत रोकने व पुलिस को जनता की रक्षक बनाने में विफल साबित हो रही है। यह बहुत ही चिंता की बात है। जिस युवक अल्ताफ की मौत पुलिस कस्टडी में हुई है उस पर एक किशोरी को अगवा करने का आरोप है। किशोरी को अगवा कर ले जाने के मामले में अल्ताफ के खिलाफ कासगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। इसी मुकदमे में पूछताछ के लिए पुलिस अल्ताफ को थाने लाई थी। जहां उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अब पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती है किशोरी की बरामदगी की। सवाल उठ रहा है कि आखिर किशोरी को किसने अगवा किया है। आरोपी की मौत भी हो चुकी है। अब भी किशोरी गायब है तो किशोरी को अगवा करने के पीछे किसका हाथ है। पुलिस इस चुनौती को स्वीकारते हुए इससे निपटने की तैयारी कर चुकी है। एसपी ने किशोरी की बरामदगी को पुलिस टीमें गठित की हैं।

### आवश्यक –सूचना

नाम शुभम यादव S/O शैलेश यादव ग्राम. नकौझा, पोस्ट. उरुवा बाजार जो 7–11–2021 को गोरखपुर से लखनऊ प्राइवेट बस से यात्रा कर रहे थे की इनका बेग बस से चोरी हो गया जिसमे इनका बहुत इम्पोर्टेन्ट डॉक्यूमेंट था और दस का मार्कशीट था जो वो भी चोरी हो गया। नाम – शुभम यादव, कक्षा–दस, रोल नंबर –2575470 जिस किसी महानुभाव को अगर मार्कशीट मिले इस नंबर पर सम्पर्क करे। 7609966286, 9793789829, 9198878699

## गोपाष्टमी पर्व पर तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर की गई गो पूजा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : गोपाष्टमी पर्व पर पशु पालन विभाग के निदेशक डॉ एस के मालिक के निर्देशानुसार, नगरपालिका परिषद,शाहाबाद के अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार एवं अध्यक्ष प्र लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर गो पूजा की। गायों को चारा,चोकर, गुड़ आदि खिलाया गया।गौशाला में गाय की महत्ता पर प्रकाश डाला गया।जनमानस को गौशाला, गो ग्राम, गो आधारित अर्थव्यवस्था से अवगत कराया गया। वरिष्ठ समाज सेवी,अध्यक्ष प्र लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने कहा कि गाय का लुप्त होना वैदिक संस्कृति के लिये अशुभ संकेत हैं। सभी पालतू पशुओ में गौवंश कलयुग में सबसे ज्यादा संकट में हैं। यदि सरकार ने इसके लिये सकारात्मक प्रयास न किए तो गाय पूरी तरह विलुप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में पशुओं की नस्ल सुधारने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये गए।परंतु गाय की दशा सुधारने के प्रयास अभी भी अपर्याप्त हैं। अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि गाय हमारी वैदिक संस्कृति की पोषक हैं।योगेश्वर श्री कृष्ण ने असीम सेवा करके वैदिक संस्कृति की रक्षा करने का काम किया था।इसलिये हम सभी का दायित्व बनता है कि गाय की पूजा–अर्चना के साथ उसको बचाने का भी प्रयास करें।




शिव सत्संग मण्डल के केंद्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि गाय की सेवा से पुण्यफल की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि इस दिन पूरे मन से गौ–माता की सेवा करने से हर मनोकामना पूरी होती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की, कि गाय का सम्मान करें और उसे अन्ना न छोड़ें। उनसे दूध लेते हैं तो उनकी सेवा करने का दायित्व भी अपना होता है। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक दीपक कुमार,अनिल कुमार, अजय कुमार,सफाई नायक तस्दीक,कमलेश,पीयूष शुक्ला,मोनू मिश्र समेत अनेक पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## जर्जर सड़क के चलते पूर्व सभासद ने छोड़ा दाना पानी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना कोतवाली अंतर्गत मां अचला घाट रोड करीब 7, 8 साल से पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त है सैकड़ों साल पुरानी मां अचला देवी का मंदिर है जिसमें हजारों श्रद्धालु बराबर दर्शन पूजन हेतु उस रोड से होकर आते हैं सड़क खराब होने के कारण नाली का पानी सड़क पर बराबर बहता रहता है जिससे श्रद्धालुओं में काफी आक्रोश वह गुस्सा होना स्वाभाविक है वहां के निवासी एवं कुछ समाजसेवी सैकड़ों बार नगर पालिका अध्यक्ष , प्रशासनिक अधिकारी एवं मंत्री गिरीश चंद यादव अन्य अधिकारियों से बराबर गुहार लगाते रहे आज तक उस सड़क नहीं बन पाया केवल आश्वासन ही 'मिलता रहा ऐसे में समाजसेवी व पूर्व सभासद नेपाली यादव आज छठ पूजा के उपरांत सुबह 8:00 बजे से यह घोषणा किया कि जब तक यह सड़क नहीं बनेगी तब तक मैं अन्य ग्रहण नहीं करूंगा यह बहुत बड़ी बात है कि किसी समाजसेवी ने इस तरीके का निर्णय क्यों लिया और किसके लिए लिया उसका स्वार्थ क्या है यह एक सोचनीय विषय है अधिकारी



'कर्मचारी के कान पर जूं नहीं रेंग रहा है उपरोक्त मोहल्ले के लोगों ने बताया कि काफी कष्टप्रद जिंदगी हम लोग व्यतीत कर रहे हैं सड़क न बनने की वजह से क्योंकि सरकार को हम लोग भी बिजली पानी आदि टैक्स वगैरह देते रहते हैं फिर सड़क क्यों नहीं बन रही है क्या कारण है।

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए डीएम ने अलग–अलग अफसरों को बांटा कार्यभार

गोरखपुर ब्यूरो : विधान सभा चुनाव–2022 के लिए प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक, मतदान एवं मतगणना कार्मिकों की नियुक्ति तथा प्रशिक्षण व माईक्रो आब्जर्बर की नियुक्ति व प्रशिक्षण के लिए सीडीओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी सहायता के लिए सहायक प्रभारी अधिकारी के तौर पर डीडीओ , जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, डीआईओएस, बीएसए, जिला बचत अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी को तैनात किया गया है। विधान सभा चुनाव की तैयारियों के साथ ही इसे सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विजय किरन आनंद ने अलग–अलग अफसरों को प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रभारी अधिकारियों की सहायता के लिए दो या उससे अधिक सहायक प्रभारी अधिकारी भी तैनात किए गए हैं। बीते मंगलवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय के संवाद भवन में आयोजित बैठक में एडीएम फाइनेंस ने सभी अधिकारियों को उनके कार्यों एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रभारी अधिकारी एश्योर्ड मिनिमम फेसेल्टी एवं ग्रामीण मतदेय स्थलों की साफ–सफाई की जिम्मेदारी भी सीडीओ को ही दी गई है। इसके लिए सहायक प्रभारी अधिकारी के तौर डीआईओएस, बीएसए, डीआईओएस समेत सभी बीडीओ तथा जल निगम व विद्युत निगम के मुख्य अभियंता को नामित किया गया है। कानून व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी एडीएम प्रशासन पुरूषोत्तम दास गुप्ता तथा सहायक प्रभारी अधिकारी संयुक्त निदेशक, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी बनाए गए हैं। एडीएम सिटी करेंगे जोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती। जोनल/सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण



के लिए एडीएम सिटी विनीत सिंह को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। सहायक प्रभारी अधिकारी के तौर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट, एलआरसी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटराईजेशन का जिम्मा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी रेखा गाडिया व सहायक प्रभारी अधिकारी के तौर पर सहायक सूचना विज्ञान अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को तैनात किया गया है। चुनाव में यातायात की जिम्मेदारी सिटी मजिस्ट्रेट उठाएंगे। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नगर मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव को प्रभारी अधिकारी यातायात बनाया गया है। सहायक प्रभारी अधिकारी के तौर पर जिला पूर्ति अधिकारी, वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक तैनात किए गए हैं। प्रभारी अधिकारी स्टेशनरी बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मातादीन मौर्य को प्रभारी अधिकारी स्टेशनरी तथा चकबंदी अधिकारी खजनी, चकबंदी अधिकारी रूस्तमपुर, सहायक चकबंदी अधिकारी रूस्तमपुर को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। प्रभारी अधिकारी मतपत्र उप निदेशक कृषि संजय सिंह, प्रभारी अधिकारी खान पान जिला पूर्ति अधिकारी रामेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी अधिकारी निर्वाचक नामावली मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील कुमार, प्रभारी अधिकारी विडियोग्राफी उपायुक्त वाणिज्यकर आशीष पांडेय, प्रभारी अधिकारी प्रेक्षक नगर मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव तथा प्रभारी अधिकारी इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन एक्सईएन विद्युत यात्रिक खंड लोनिवि को बनाया गया है।

## मेरठ कंकरखेड़ा थाने में पति पत्नी और वो के बीच जमकर हुई मारपीट : चले लात–घूंसे

मेरठ ब्यूरो : मेरठ के कंकरखेड़ा थाने में पति पत्नी और वो के बीच पुलिस के सामने मारपीट हो गई। महिला ने पति व उसके प्रेमी को जमकर खरी खोटी सुनाई और फिर एक शिकायती पत्र पुलिस को दिया। जानकारी के अनुसार शहर के ब्रह्मपुरी के रहने वाले शादीशुदा युवक का कंकरखेड़ा की एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी युवक की पत्नी को पता चल गई। बताया गया कि गुरुवार को युवक प्रेमिका से मिलने के लिए कंकरखेड़ा आया था तभी पीछे पीछे पत्नी भी पहुंच गई। हंगामा होने पर दोनों पक्ष थाने में पहुंच गए। जहां पर पुलिस के सामने पति पत्नी और युवती के बीच मारपीट हुई। वहीं इस मामले में सीओ दौराला आशीष शर्मा का कहना है कि इस मामले में लिखित में कोई तहरीर नहीं



आई है पुलिस जांच करके कार्रवाई करेगी।

# पद्मश्री सम्मान से सम्मानित चचा मोहम्मद शरीफ का रेलवे स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राष्टपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविद के हाथो पद्मश्री सम्मान से सम्मानित समाजसेवी व हजारो लावारिस लाशो के मसीहा मोहम्मद शरीफ चाचा बुधवार की सुबह दिल्ली से वापस अयोध्या गए।रेलवे स्टेशन पर उनका अयोध्या के लोगों ने भव्य स्वागत किया।इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने उनका जोरदार स्वागत करते हुये कहा कि शरीफ चचा ने यह सम्मान पाकर न केवल अपने परिवार को नाम रोशन किया है बल्कि अयोध्या जिले का भी नाम रोशन किया है।वही इसी कडीध में इस मौके पर देश की उपासना हिन्दी समाचार व एनबीसी चौनल के ब्यूरो चीफ से खास बातचीत में पद्मश्री चाचा मोहम्मद शरीफ का अपने मृत बेटे के अंतिम संस्कार ना कर पाने का मलाल एक बार फिर उभर आया।अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर पद्मश्री चाचा मोहम्मद शरीफ का स्वागत स्थानीय पार्षद मोहम्मद अपील बबलू के साथ स्थानीय नागरिकों ने जोरदार तरीके से किया। ट्रेन के स्टेशन पहुंचने से पहले ही लोग रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे। सीने पर पद्मश्री काम मेडल लगाए हुए चाचा मोहम्मद शरीफ जब ट्रेन से उतरे तो लोगों ने उनका शाल ओढ़ाकर और फूल



माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। लावारिस लाशों के मसीहा के तौर पर जाने के चाचा मोहम्मद शरीफ को अब पद्मश्री का सम्मान मिला है।स्टेशन पर बातचीत में उन्होंने बताया कि किस तरह राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उनके अस्वस्थ होने की वजह से अपनी कुर्सी छोड़कर उनके पास आकर उन्हें मेडल पहनाया। सम्मान पत्र दिया और कहा कि उनका हिंदू –मुस्लिम भेदभाव के बगैर लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने का काम अत्यंत सराहनीय है। देश उनकी इस भावना का सम्मान करता है।उनके इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें पद्मश्री का सम्मान दिया जा रहा है।

# सीएमएस सहित डेंगू के 21 मिले नये मरीज : सीएमओ के मुताबिक जिले में अब तक मिले कुल 424 मरीज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में इस समय डेंगू का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है।सूत्र के मुताबिक पिछले चौबीस घंटे में हुई 53 लोगों की एलाइजा जांच में 21 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है।जिसमे जिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर सीबीएन त्रिपाठी भी डेंगू की चपेट में आ गये।अयोध्या जिले में डेंगू की अधिकृत जांच सिर्फ जिला अस्पताल व राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शननगर की लैब में हो रही है।पिछले चौबीस घंटे में जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे 68 लोगों की जांच में 21 डेंगू से पीड़ित पाए गए।इसमें गंभीर रूप से पीड़ित कुछ मरीज जिला अस्पताल में व कुछ निजी अस्पताल में भर्ती हैं।इस संबंध में सीएमओ डॉ. अजय राजा ने देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चौनल के अयोध्या ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव से बताया कि इस समय अयोध्या जिले में कुल मरीजों की संख्या अब 424 हो गई है।जिसके चलते डेंगू को लेकर लोगों को और सजग रहने की जरूरत है।स्वास्थ्य टीमें लगातार क्षेत्र में जुटी हुई हैं।

# महंगाई के विरोध में वामपंथी दलों ने दिया धरना : जनसमस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : बेतहाशा बढ़ती महंगाई पर लगाम, खाद की किल्लत दूर करने, कालाबाजारी रोकने, धान खरीद की गारंटी, बाढ़ और तूफान से बर्बाद फसलों का मुआवजा तथा जनता के हक में आवाज उठाने वाले नेताओं का दमन रोकने जैसे मुद्दों को लेकर वामपंथी दलों के नेताओं ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन के दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार को जमकर खरी खोटी सुनाई। भाकपा जिला सचिव राम तीर्थ पाठक, माकपा जिला सचिव अशोक यादव, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद की अध्यक्षता और भाकपा राज्य काउंसिल सदस्य अशोक कुमार तिवारी के संचालन में आयोजित धरने में वक्ताओं ने कहा कि कमरतोड़ मंहगाई ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है। इस मंहगाई ने दाल– तेल के बाद आलू भी थाली से गायब कर दिया है।रसोई गैस के बढ़ते दामों ने मोदी सरकार के महिला प्रेम को उजागर कर दिया है। उप चुनाव के हार से डरी भाजपा सरकार द्वारा घटाए गए पेट्रोल डीजल के दामों को नाकाफी बताते हुए इसमें कम से कम 50 रुपये कम किए जाने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि बुआई के सीजन में किसान खाद के लिए दर दर भटक रहा है। धान क्रय केंद्रों पर ताले लटक रहे हैं। किसान औने पौने दामों पर अपना धान बेचने पर मजबूर हैं। बाढ़ और भारी बारिश से बरबाद फसलों का मुआवजा न देकर सरकार ने अपनी किसान विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है। प्रदेश की योगी सरकार कानून व्यवस्था पटरी पर लाने के बजाय जनता के हक में आवाज उठाने वाले वामदलों और अन्य विपक्षी नेताओं का दमन कर रही है। इस पर तत्काल रोक लगना चाहिए। धरने को भाकपा (माले) राज्य कमेटी सदस्य राम भरोस, सूर्यकांत पाण्डेय, माकपा नेता मया राम वर्मा, सुनीता गौड़, रामजी राम यादव, एसएन बागी, बाबूराम यादव, शैलेन्द्र सिंह, अजय शर्मा, राजेश वर्मा, राजकपूर, रामसिंह, शेर बहादुर शेर, सत्यभान सिंह, अनिरुद्ध प्रताप मौर्य, मो इश्हाक, अवधराम यादव, रामकुमार सुमन आदि नेताओं ने संबोधित किया। धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। अन्त में राष्ट्रपति को संबोधित 11सूत्री मांगपत्र नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

# छठ पूजन समारोह में प्रभारी चौकी नयाघाट पर रणजीत यादव ने अपनी कविता और गायन से लोगो को किया यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)अयोध्या पुलिस ने रणजीत यादव के अनूठे पहल की सराहना अपने सरकारी ट्वीट पर इनके वीडियो को पोस्ट कर बधाई दिया।संस्कार भारती और अयोध्या महोत्सव के संयुक्त तत्वाधान में सरयू आरती स्थल, नयाघाट पर हरीश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित छठ महापर्व–2021 में अपने गायन और स्वलिखित कविता के माध्यम से यातायात और सुरक्षा के प्रति जनपद अयोध्या के नया घाट चौकी प्रभारी व समाजसेवी दारोगा रणजीत यादव ने लोगों को जागरुक किया।चौकी प्रभारी रणजीत यादव ने छठ व्रत कर रही महिलाओं से अपील किया कि वह सभी अपने घर के सदस्यों को बताए कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट अवश्य धारण करें। छठ व्रत की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए रणजीत यादव ने स्वलिखित कविता हेलमेट गान का पाठ किया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमो का पालन पुलिस से बचने के लिए नहीं वरना स्वय की सुरक्षा के लिये करना चाहिए क्योंकि पुलिस से तो बच जाएंगे यमराज से कौन बचाएगा।चौकी प्रभारी रणजीत यादव अपनी ड्यूटी को वरीयता देते हुए कुछ समय निकालकर रक्तदान, पौधरोपण, यातयात, शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूकता, गरीब असहायों की मदद करना जैसे



सामाजिक कार्य करते रहते हैं। रणजीत यादव को उनके फेसबुक पेज,इंस्टाग्राम, यूट्यूब " रंजीत सुपरकॉप" और ट्वीटर /आरसुपरकॉप भी फॉलो कर उनके सामाजिक कार्यो को देख सकते हैं। आजमगढ़ के निवासी रणजीत ने बताया कि "हमे सदैव अपनी ड्यूटी और पारिवारिक कर्तव्यों को वरीयता देनी चाहिये।इसके साथ ही साथ हमे सामाजिक कार्यो में भी हिस्सेदार बनना चाहिए। इन कार्यो को करने के लिए समय की नही बल्कि सोच की जरूरत होती हैं।आज के युवा वर्ग को सही दिशा देने की जरूरत है वरना वे इंटरनेट की दुनिया मे व्यर्थ का समय गवा रहे हैं। हमे जरूरत है अपने बच्चों में स्वच्छता/पर्यावरण/मानवता/शिक्षा के प्रति जागरूकता का संस्कार पैदा करने की।मैं अपनी कविता और कहानियों का लेखन रणजीत यादव 'क्षितिज' नाम से करता हूं।"

# भाजपा द्वारा आयोजित सदस्यता कैंप में सैकड़ो युवाओ ने ली सदस्यता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)।भारतीय जनता युवा मोर्चा अयोध्या महानगर द्वारा साकेत महाविद्यालय के सामने सदस्यता कैम्प लगाकर सैकड़ों युवाओं को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया गया।इस संबंध में जिला मीडिया प्रभारी भाजयुमो अयोध्या महानगर आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि इस कैम्प का उद्घाटन अयोध्या नगर निगम के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्री अभिषेक मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रवि शर्मा व सदस्यता अभियान के संयोजक महानगर उपाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी के नेतृत्व में कैम्प लगाया गया।उन्होंने बताया कि जिसमे अयोध्या मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य,रणजीत दुबे , देवेश तिवारी



महामंत्री युवा मोर्चा सार्थक तिवारी,आकाश सिंह, अविनाश सिंह ,अभिनव मिश्रा, उपाध्यक्ष गौरव सिंह अंकित सोनकर, कुनाल सोनकर,शुभेंदु सिंह, तुषार तिवारी , अश्वनी गुप्ता, श्रया सिंह , भूपेंद्र शुक्ल , रजत मांझी,शुभम चौबे, अभिलाष पाण्डेय, राजन पाण्डेय, आदि लोग मौजूद रहे।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल यूपी के प्रदेश प्रमुख अजय सिन्हा ने महापर्व छठ पूजा की बधाई दी

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन धर्म नगरी अयोध्या , श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रमुख अजय सिन्हा ने प्रदेशवासियों को छठ महापर्व की दी बधाइयां एवं शुभकामनाएं ,छठ पूजा वैसे तो मुख्य तौर पर बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश मनाया जाता है, लेकिन अब इसकी ग्लोबल पहचान बन चुकी है। लोक आस्था के इस पर्व में उगते और डूबते सूर्य की अराधाना की जाती है। सूर्य षष्ठी व्रत होने के कारण इसे छठ कहा गया है। छठ पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है। पहली बार चौत्र में और दूसरी बार कार्तिक में। चौत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाए जाने वाले छठ पर्व को चौती छठ और कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाए जाने वाले पर्व को कार्तिकी छठ कहा जाता है। कार्तिक महीने में मनाए जाने वाले छठ की अधिक मान्यता है और इसी महीने में लोग इस पर्व को व्यापक रूप से मनाते हैं।चार दिनों तक चलने वाला यह त्योहार कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि को नहाय–खाय से शुरू होता है, जो इस बार सोमवार यानी 8 नवंबर को पड़ रहा है।नहाय–खाय के दिन व्रती गंगा या पास के नदी, तलाब में डुबकी लगाती हैं और केवल एक बार सात्विक भोजन करते हैं। कार्तिक मास की पंचमी को खरना भी कहा जाता है। इस दिन व्रती शाम को गुड़, अरवा चावल की बनी खीर और रोटी खाते प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। इसके बाद तीसरे दिन भगवान सूर्य को संध्या में अर्ध्य दिया जाता है और चौथे दिन उगते सूर्य को। खास बात यह है कि खरना के दिन शाम में प्रसाद ग्रहण करने के बाद से करीब 36 घंटे तक यानी उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देने तक व्रती यह व्रत निर्जला करते हैं। इन चार दिनों में व्रतियों के लिए प्यजा, लहसून या किसी तरह का मांसाहारी भोजन वर्जित रहता है।

# लाठी डंडे के बल पर युवती को खींच कर गन्ने के खेत में ले गए और की लूट

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : कोतवाली क्षेत्र के पातूपुर मजरे दोहरी के निकट पाच युवकों ने साइकिल से घर जा रही अकेली युवती को दबोच कर गन्ने के खेत में डंडे लाठी के बल पर खींच ले गए और नकदी 10150 लूट लिए। युवती उक्त रकम जमा करने के लिए बीकापुर आई थी लेकिन बैंक और फ्रेंचाइजी बंद होने के कारण पैसा नहीं जमा कर सकी और वापस घर जा रही थी। युवती की चीख–पुकार पर दौड़े एक युवक की पिटाई भी की गई है। कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया कि बैंक बंद होने के कारण पैसा नहीं जमा कर सकी और वापस घर लौटते समय रास्ते में पातूपुर (रुकूंनपुर) निवासी तेजबली, राजबली पुत्रगण जगदंबा और राहुल, रोहित पुत्रगण धर्मवीर और रामधीरज पुत्र बुद्धि राम ने लाठी डंडे के बल पर प्रियंका को अपने गिरफ्त में लिया और उसे गन्ने के खेत में खींच ले गए। जब वह चिल्लाने लगी तो उसके पास का पैसा लूट लिए और गुहार पर दौड़े रवि पुत्र मोहन को डंडे से मार कर चोटिल भी कर दिया। जब तक गुहार सुनकर भीड़ इकट्ठा होती तब तक भाग गए। इस घटना की सूचना यूपी डायल 112 को दी गई। पीड़िता की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने सरयू तट पर उमड़े छठ व्रती : लोक पर्व की छटा से निखर उठी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)छठ पर्व पर अयोध्या और उससे जुड़े फैजाबाद नगर के सरयू नदी पर बने सभी घाटों पर छठ महापर्व की धूम देखने को मिली।ज्यों–ज्यों सूर्यास्त का समय नजदीक आता रहा त्यों– त्यों आस्था का सैलाब घाटों पर गहराता चला गया। बाजे– गाजे और गीत– मंगल के साथ व्रती महिलाएं और परिजन अस्ताचलगामी भगवान भास्कर की प्रतीक्षा में आ खड़े हुए। छठ व्रतियों के इस महान पर्व को ध्यान में रखकर प्रशासन की ओर से शरीर के घाटों पर प्रकाश व सुरक्षा की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई अगले थी।घाट अंधेरा होने पर भी बिजली के प्रकाश में जगमगा रहे थे। छठ महापर्व के तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य भगवान को अर्ध्य देने के लिए सज धज कर पूरी तैयारी के साथ लोगों का हुजूम नदी के विभिन्न तटों पर उमड़ा दिखाई दिया।अयोध्या में नया घाट से लेकर राजघाट तक और फैजाबाद में जमथरा घाट व गुप्तारघाट पर देर शाम तक मेले सा नजारा रहा।बडी संख्या में श्रद्धालुओं की आमदरफ्त के कारण अयोध्या में यातायात व्यवस्था ध्वस्त रही।लोगों को घण्टों जाम से जूझना पडा। छठ व्रत की शुरुआत नहाए खाए के साथ सोमवार को हुई थी। इसके बाद मंगलवार को खरना की परंपरा निभाई गई।वही बुधवार की शाम डूबते सूर्य को अर्ध्य देने के बाद



बृहस्पतिवार की प्रातः उगते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही यह व्रत समाप्त हो जाएगा। डूबते सूर्य को अर्ध्य देने के लिए श्रद्धालुओं का समूह ढोल नगाड़े के साथ छठ मैया के गीत गाते हुए हर तरफ दिखाई दिया। सूर्य भगवान की पूजा के लिए नए वस्त्र पहन कर बांस की टोकरी में फलों व गन्ने के साथ लोग उत्साह के साथ जाते दिखे। व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्ध्य और पूजन के बाद पुत्रों के सुखी और दीर्घ जीवन की कामना की। इन घाटों पर महापर्व संबंधी लोकगीतों का स्वर लगातार गूंजता रहा। यह व्रत पुत्र कामना की पूर्ति और उसके स्वस्थ सुखी दीर्घ जीवन के लिए किया जाता है। धीरे–धीरे इस पर्व का दायरा जिले के अन्य हिस्सों में भी बढ़ता जा रहा है। जिसका असर गोसाईगंज बीकापुर सोहावल आज क्षेत्रों में भी दिखाई दिया। इन क्षेत्रों में पडने वाले तालाब व नदियों के किनारे मेले सा नजारा रहा।

# बेटे की मौत के बदले एएमयू प्रोफेसर से रिश्तेदार ने मांगी 10 लाख रंगदारी : दिलचस्प खुलासे से पुलिस भी हैरान

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ मुसलिम विश्वविद्यालय की प्रोफेसर को धमकी भरा खत भेजकर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने की घटना में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर बेहद दिलचस्प खुलासा किया है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे मुख्य आरोपी रिश्तेदार युवक ने महिला प्रोफेसर से नवजात बेटे के बीमार होने पर अपनी प्रोफेसर मौसी से बेटे के इलाज के लिए एक लाख रुपये की मदद मांगी थी। मौसी ने रुपये नहीं दिए। बेटा भी नहीं बचा और खुद युवक कर्ज में डूब गया। इसी बात से खफा होकर मौसी से बदला लेने के लिए इस करतूत को अंजाम दे डाला। पुलिस ने मुख्य आरोपी के साथ सिम विक्रेता पनवाड़ी व एक अन्य को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। अभी दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। एएमयू कंप्यूटर साइंस विभाग की प्रोफेसर डॉ.शगुफ्ता मुईन व उनके पति नवेद मुख्तार बच्चों के साथ क्वार्सी क्षेत्र की अनूपशहर रोड स्थित सागर हाउसिंग अपार्टमेंट के मकान नंबर 44 में रहते हैं। उनके पति आगरा में चमड़े के जूते का व्यापार करते हैं। वाकया सोमवार देर शाम का है, जब उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से कॉल आया और कॉल करने वाले ने खुद को राजू नोएडा से बोलना बताते हुए कहा कि आपकी कार पर कुछ सामान रखा है। उसे उठा लो। इस पर नवेद मुख्तार ने घर के बाहर जाकर कार पर लिफाफा देखा और उठाकर अंदर लाकर देखा तो दंग रह गए। उसमें तीन जले हुए 315 बोर के खोखा और एक पत्र रखा था। जिसमें ऊपर हिंदी में नवेद, शगुफ्ता व हमजा लिखा है। उसके बाद पत्र में 10 लाख रुपये की रंगदारी की डिमांड के साथ धमकी थी कि अगर बात नहीं मानी गई तो बच्चे को उठा लेंगे। उसमें बच्चे का नाम भी लिखा था। साथ में समय व ठिकाना बताने का भी उल्लेख है। इसके बाद मंगलवार दिन में फिर कॉल आई। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी कलानिधि नैथानी ने सीओ तृतीय श्वेताभ पांडेय के नेतृत्व में थाना पुलिस के अलावा एसओजी व सर्विलांस टीमों को लगाया। कॉल करने वाले मोबाइल नंबर व सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास शुरू किया गया। इसी कड़ी में मंगलवार रात प्रोफेसर के ऊपरकोट चंदन शहीद रोड के रिश्तेदार युवक दानिश को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ के आधार पर उसके साथी ख्वाजा चौक के अंजेब व फर्जी नंबर पर सिम मुहैया कराने वाले मानिक चौक के पनवाड़ी दीपक तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। बदले व कर्ज निपटाने को बनाया मौसी को निशाना। पुलिस के अनुसार, दानिश ने स्वीकारा कि उसकी मां व प्रोफेसर मामा–फूफी की बहनें हैं। दानिश की पत्नी को अप्रैल माह में बेटा हुआ। वह पैदा होते ही बीमार था और आईसीयू में भर्ती रखना पड़ा। इस बीच हालात ठीक न होने के कारण वह प्रोफेसर मौसी के पास मदद मांगने पहुंचा। मगर मौसी ने मदद नहीं दी। इस पर बेहतर उपचार न मिल पाने के कारण 10 दिन में बेटे की मौत हो गई। इसी बात से चिढ़कर उसने मौसी से बदला लेने की योजना बनाई। इधर, उसने बेटे के इलाज के लिए किसी अन्य परिचित से एक लाख रुपये कर्ज लिया था। वह कर्ज भी लौटाना था। इसलिए उसने सोचा कि मौसी से बदला भी हो जाएगा और कर्ज भी वापस हो जाएगा। मगर उसे उम्मीद न थी कि पुलिस उसे पकड़ लेगी। इनके पास से एक तमंचा, घटना में प्रयोग की गई अंजेब की बाइक व मोबाइल फोन बरामद किया है। ट्रू–कॉलर और सीसीटीवी ने खोला रंगदारी मांगने वालों का भेद। पुलिस ने मंगलवार सुबह से जब इस घटना पर जांच शुरू की तो कॉल करने वाले नंबर की पहचान ट्रू–कॉलर पर मदार गेट इलाके के किसी तिवारी के नाम से आई। पुलिस जब उस तक पहुंची तो वह दीपक पनवाड़ी निकला। पहले तो उसने पुलिस को बरगलाया। मगर बाद में सख्ती पर उसने स्वीकारा कि उसने अपने पास से फर्जी आईडी की सिम 300 रुपये में दानिश को बेची है। वह अक्सर उसकी दुकान पर पान खाने आता है। इसी बीच 28 अक्तूबर को वह सिम लेकर गया और आठ–दस दिन उसे बंद रखा। फिर उससे कॉल कर रंगदारी मांगी। इधर, पुलिस ने हाउसिंग सोसाइटी व आसपास के सीसीटीवी देखे तो इस घटना में अंजेब व अदनान नाम के युवक बाइक पर आते व लिफाफा रखकर जाते कैद पाए गए। उनकी पहचान हुई और उनके दानिश से कनेक्शन सामने आए। दानिश ने पूछताछ में स्वीकारा कि उसे खोखा अदनान ने दिए थे। वह पूर्व में चोरी के मामले में जेल जा चुका है। आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहता है। अभी इस मामले में ऊपरकोट का नवेद व शाहजमाल का अदनान फरार हैं, जिनकी पुलिस टीमें तलाश कर रही हैं। प्रोफेसर परिवार को सुरक्षा अभी रहेगी। सीओ तृतीय श्वेताभ पांडेय के अनुसार रंगदारी मामले में सिम बेचने वाले पनवाड़ी सहित तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। दो अभी फरार हैं। इस घटना को मौसी से बदला लेने के लिए अंजाम दिया गया था। हालांकि घटना स्पष्ट हो गई है। चूंकि अभी परिवार दहशत में है। इसलिए अभी प्रोफेसर के घर पर सुरक्षा लगी हुई है। समीक्षा के बाद ही सुरक्षा हटाने पर विचार किया जाएगा।

## बाल कलाकारों ने कांग्रेस नेता दयानंद शुक्ला का माला पहना कर किया भव्य स्वागत

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : कांग्रेस नेता दयानंद शुक्ला अपने समर्थक व नेता रंजीत सिंह, रामगोपाल, आलोक, कपिल, पत्रकार रामराज आदि के साथ प्रसिद्ध संत श्री टाटी बाबा देवस्थान पहुंचे। सभी ने टाटी बाबा के स्थान पर माथा टेक आशीर्वाद लिया।वही स्थान पर चल रही बाल कलाकारों द्वारा रामलीला के बाल कलाकारों ने दयानंद शुक्ला का माला पहनाकर स्वागत किया।कांग्रेस नेता दयानंद शुक्ला ने सभी बाल कलाकारों का आभार व्यक्त किया। प्रभु श्रीराम के चरणों में 1001 का दान दिया। दयानंद शुक्ला ने मंच के माध्यम से रामलीला देखने आए क्षेत्र के लोगों को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की महिमा के बारे में भी बताया व अपना परिचय बताते हुए 2011 से 2014 तक अपने प्रयासों से रुदौली विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों से भी लोगों को अवगत कराया।इस अवसर पर हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी समाजवादी पार्टी

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी समाजवादी पार्टी ने अब अपना पूरा ध्यान वोटर लिस्ट में मतदाताओं का नाम बढ़ाने पर लगा दिया है। पार्टी ने कार्यकर्ताओं को यह साफ संदेश दिया है कि कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के वोटर्स को मतदाता सूची में शामिल कराते हुए उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें। रुदौली में हुई कार्यसमिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस बार विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरी तरीके से मैदान में उतर जाएं और लोगों को पार्टी की नीतियों और रीतियों से अवगत कराते हुए उन्हें सपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने इस मौके पर कहा कि समाजवादी पार्टी की इस बार सरकार बनना तय है ऐसे में पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर कर सपा की सरकार बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने का काम चल रहा है कार्यकर्ता अपने वोटर्स का नाम इसमें जरूर बढ़वाएं। उन्होंने कहा कि लोगों को सपा सरकार में किए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए सपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें ।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह दल है जो गरीबों पिछड़ों और महिलाओं के हित के लिए लगातार प्रयासरत है जबकि भाजपा ने इन सभी को बेवकूफ बनाते हुए ना सिर्फ इनका शोषण किया बल्कि इन्हें प्रगति के मार्ग पर बहुत पीछे छोड़ दिया। पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां ने इस मौके पर कहा कि समाजवादी पार्टी के पक्ष में लहर चल रही है ऐसे में कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ अगर जुड़ गए तो समाजवादी पार्टी की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता।पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज रुदौली क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र की मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिए गए। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं ने भी इस मौके पर 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता, विधानसभा अध्यक्ष रुदौली छोटे लाल यादव ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष रुदौली विंध्याचल सिंह, प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, नगर महासचिव प्रदीप कुमार यादव, पूर्व प्रधान नरौली राम बहादुर यादव , ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद रेहान, विधानसभा सभा महासचि शकील , पूर्व प्रधान अलगू लोधी , नगर उपाध्यक्ष हरनाम मिश्रा , सभासद मोहम्मद सलीम, मुमताज राइन,राम देव शर्मा, सभासद मोहम्मद मुकीम उर्फ चुन्ने , नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद इकबाल नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

## ट्रक ने मोटरसाइकिल में मारा टक्कर : 3 जख्मीं

रवि कुमार संवाददाता देश की उपासना : खजनी तहसील से 100 मीटर पहले खजनी सिकरीगंज मार्ग पर पडियापार गांव के समीप मेन रोड पर ट्रक की घोर लापरवाही से दो पहिए वाहन स्वामी संजय विश्वकर्मा पुत्र जंग बहादुर विश्वकर्मा निवासी ग्राम रायपुर थाना जहांगीरगंज अपने रिश्तेदार बृजेश विश्वकर्मा निवासी ग्राम कटहरवा मे आए थे। रात मे छोटे बच्चे का तबीयत खराब हो जाने के कारण खजनी दिखाने के लिए ले जा रहे थे। रास्ते में तहसील से 100 मीटर पहले पडियापार गांव के समीप मेन रोड पर ट्रक ड्राइवर द्वारा घोर लापरवाही वर्तने के कारण दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें मासूम बच्चे सहित 3 लोग घायल हुए जिन की हालत नाजुक बनी हुई



है। गांव वालों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनहीं पहुंचाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद मरीजों की हालत नाजुक देखते हुए। जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिसमें सारी सुविधा असुविधा में बदल गई । जब एंबुलेंस को सूचना देने के बाद तकरीबन 1 घंटे तक एंबुलेंस का पता नहीं चला। पीड़िता इंतजार करते रहे। जिसमें डॉ महोदय द्वारा एक प्राइवेट वाहन पर चिकित्सा सुविधा दी गई।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।